an>

Title: Need to release the outstanding amount under Indira Awas Yojana to Bihar.

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) :** उपाध्यक्ष जी, मैं शून्य काल में एक अति लोक महत्व का मामला उठाना चाहता हूं। बिहार पिछड़े राज्यों में एक है। जब से एनडीए सरकार बनी है, तब से इंदिरा आवास योजना में कटौती की जा रही है। पिछली बार इंदिरा आवास योजना में लगभग 777 करोड़ रुपए की कटौती की गई और इस बार भी की गई है। जबकि 20113-2014 में 5,59,000 लोगों को बिहार में इंदिरा आवास योजना के तहत आवास मुहैया कराए गए थे। लेकिन पिछली बार सिर्फ 1,29,000 लोगों को बिहार में इस योजना के तहत आवास मुहैया कराए गए हैं। बिहार एक पिछड़ा राज्य है, माननीय प्रधान मंत्री जी ने घोषणा की थी कि हर गरीब को छत दूंगा इसलिए मैं मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं कि गरीबों के लिए इंदिरा आवास योजना के तहत मकानों की जो बिहार में कटौती की जा रही है, वह न की जाए और जिस तरह पहले इस योजना के तहत मकान दिए जा रहे थे, वैसे ही दिए जाएं।